न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री नीरज मिश्र, आर.ए.एस

दिनांक – 30.9.19

क्रमांक रीडर/2019/ 2291

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थीगण
1 पोकरराम पुत्र लाधाराम जाति सुथार निवासी डूडियों की ढाणी, बेरिवाला तला तहसील व जिला बाडमेर।		1 गंगाराम पुत्र लाधाराम 2 रावताराम पुत्र चैनाराम 3 अमराराम 4 तेजाराम 5 भींयाराम पिसरान लुम्बाराम 6 रावताराम 7 चैनाराम पिसरान नथाराम 8 ज्वाराराम 9 मूलाराम 10 खेताराम 11 पुरखाराम पिसरान निम्बाराम 12 प्रागाराम 13 वालाराम 14 वागाराम पिसरान डूंगराराम 15 अमराराम 16 तेजाराम 17 भीयाराम पिसरान लुम्बाराम जाति सुथार निवासी डूडियों की ढाणी, बेरिवाला तला तहसील व जिला बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,करने नेखमबन्दी बाबत

दिनांक– 24/09/19

राजस्व आवेदन संख्या :– 208/2019

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा डूडियों की ढाणी पटवार क्षेत्र बेरीवाला तला तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 1580/1448 रकबा 30.12 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(नीरज मिश्र)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

दिनांक–30.9.19

क्रमांक :– रीडर/2019/ 2292-2295

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी बेरीवाला तला तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. पोकरराम पुत्र लाधाराम जाति सुथार निवासी डूडियों की ढाणी, बेरिवाला तला तहसील व जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थी गंगाराम पुत्र लाधाराम वगैराह जाति सुथार निवासी डूडियों की ढाणी, बेरिवाला तला तहसील व जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

Scanned by CamScanner